## जिला प्रभारी मंत्री आज योजना समिति की बैठक लेंगे

रतलाम। जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया 22 जुलाई को जिला योजना समिति की बैठक में भाग लेने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। श्री भदौरिया 21 जुलाई की रात को रतलाम पहुंचकर वे 22 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे सर्किट हाउस पर कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। प्रातः 11 बजे महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण,तत्पश्चात भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे। 12 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण,तत्पश्चात 12.30 बजे कलेक्टर कार्यालय में जिला योजना समिति की बैठक में भाग लेंगे। यहीं 1.30 बजे क्रायसिस मैनेजमेंट की बैठक भी होगी। तत्पश्चात 4 बजे पत्रकारों से चर्चा करेंगे। स्वदेश

स्वदेश 22/7/21

## जिला प्रभारी मंत्री आज करेंगे विकास कार्यों की समीक्षा

रतलाम | प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री व रतलाम जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया गुरुवार को शहर में रहेंगे। वे सुबह 10.30 बजे सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे, 11 बजे नगर निगम चौराहे पर महाराजा रतन सिंहजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। बीजेपी कार्यालय में पदाधिकारियों से मुलाकात, दोपहर 12 बजे दीनदयाल नगर में पंडित उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दोपहर 12.30 बजे नवीन कलेक्ट्रेट कार्यालय में विकास कार्य की समीक्षा बैठक व दोपहर 1.30 बजे क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक लेंगे।

दै भास्कर

## प्रभारी मंत्री आज कई आयोजन में होंगे शामिल, आगमन पर किया स्वागत



रतलाम. प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया गुरुवार को शहर में कई आयोजन में शामिल होंगे। जिला योजना समिति की बैठक सहित पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। गुरुवार सुबह 10.30 बजे भदौरिया सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। 11 बजे महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। दोपहर 12 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। दोपहर 12.30 बजे नए जिला योजना समिति की बैठक होगी। शाम 4 बजे मीडिया से चर्चा की जाएगी। बुधवार मंत्री रात करीब 10 बजे पहुंचे। रतलाम आगमन पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य निमिष व्यास, पंकज चतुर्वेदी, आलोक राठौड़ सहित अन्य ने पुष्पमाला से किया। प्रशासन की तरफ आए एडीएम जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गहलोत, ऐडिशनल एसपी सुनील पाटीदार, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, तहसीलदार गोपाल सोनी आदि ने अगवानी की। पत्रिका

पत्रिका

## जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया आज शहर में

रतलाम। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं रतलाम जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया 21 जुलाई रात्रि 9.30 बजे रतलाम आएंगे। श्री भदौरिया 22 जुलाई गुरुवार प्रातः 10.30 बजे सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। प्रातः 11 बजे नगर निगम चौराहा पर महाराजा रतनसिंहजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। प्रातः 11.30 बजे बीजेपी कार्यालय में पदाधिकारियों से मुलाकात, दोपहर 12 बजे दीनदयाल नगर में पंडित दीनदयालजी उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। दोपहर 12.30 बजे नवीन कलेक्ट्रेट कार्यालय में विकास कार्य की समीक्षा बैठक एवं दोपहर 1.30 बजे क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक लेंगे। श्री भदौरिया शाम 4 बजे सर्किट हाउस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस लेंगे। इन्दौर

इन्दौर समाचार
22/7/2021

## जिला प्रभारी मंत्री भाजपा कार्यालय भी जाएंगे

रतलाम। जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया बुधवार रात करीब दस बजे रतलाम पहुंचे। सर्किट हाउस पर भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रभारी मंत्री गुरुवार प्रातः 10 :30 बजे सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। प्रातः 11:00 बजे नगर निगम चौराहा पर महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद 11:30 बजे बीजेपी कार्यालय में पदाधिकारियों से मुलाकात, दोपहर 12 :00 बजे दीनदयाल नगर में पंडित दीनदयालजी उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। दोपहर 12 :30 बजे कलेक्टोरेट में विकास कार्यों की समीक्षा व दोपहर 1 :30 बजे क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक लेकर शाम 4:00 बजे सर्किट हाउस पर प्रेस कांफ्रेंस लेंगे।

नईदुनिया

# पूर्व पार्षद ने फोरलेन निर्माण घोटाले की जांच की मांग की

रतलाम ● पूर्व पार्षद जगदीश अकोदिया ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कान्वेंट स्कूल से दो बत्ती तक बनने वाले फोरलेन की चौड़ाई कम करने निर्णय की जांच की मांग की है। श्री अकोदिया ने बताया कि नगर निगम जब एक और स्टेट बैंक की भूमि ले सकता है तो जनहित में निजी अवैध निर्माण की भूमि क्यों नहीं ले सकता। किन प्रभावशाली व्यक्तियों के प्रभाव में चौड़ाई 4 मीटर की जा रही है। चौड़ाई कम होने में काफी

## कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# आयुष्मान कार्ड बनाने में पिपलोदा जनपद सबसे आगे

**रतलाम।** रतलाम जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने में जनपद पंचायत पिपलोदा सबसे आगे है। वहां 92 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं जबकि इस मामले में खासतौर पर जनपद सैलाना तथा बाजना को परफॉर्मेंस सुधारने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में योजनाओं, कार्यक्रमों की प्रगति से अवगत हुए सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम श्री एम.एल. आर्य, श्री अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया आदि अधिकारी उपस्थित थे। रतलाम शहर में आयुष्मान कार्ड निर्माण की कमजोर प्रगति पर कलेक्टर ने चिंता व्यक्त करते हुए निगम आयुक्त, शहर एसडीएम तथा महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वे संयुक्त प्रयासों द्वारा शहर में कार्ड बनाने की प्रगति में सुधार लाएं। कम से कम 1 हजार कार्ड रोजाना बनाए जाएं। कलेक्टर ने समीक्षा में पाया कि रतलाम जनपद पंचायत क्षेत्र में भी आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में ठीक कार्य हुआ है। कलेक्टर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सहायक के रोल को महत्वपूर्ण मानते हुए उनकी आईडी बनाने के निर्देश दिए ताकि ज्यादा ज्यादा आयुष्मान कार्ड बन सकें। कलेक्टर ने रतलाम शहर में आयुष्मान कार्ड निर्माण प्रगति के लिए उन वार्ड पर फोकस करने के निर्देश दिए जहां ज्यादा संख्या में पात्र व्यक्ति निवासरत है। निगमायुक्त को शहर में कार्ड निर्माण केंद्रों की संख्या में वृद्धि के लिए निर्देशित किया।

संकल्प से सिद्धि अभियान की समीक्षाः बैठक में संकल्प से सिद्धि अभियान की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 137 हितग्राहियों को ऋण राशि वितरित की जा चुकी है। पुराने लक्ष्य में 245 में से 37 को वितरण किया गया, नए लक्ष्य में 94 हितग्राहियों को वितरित किया जा चुका है। योजना में स्ट्रीट वेंडर को ऋण राशि उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर ने प्रगति लाने के लिए सीईओ जिला पंचायत को बैंकर्स की बैठक लेने के निर्देश दिए।

मैदानी क्षेत्र से बीमारियों की सूचना मिलती रहेः कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जारी मौसम में कई बीमारियां उत्पन्न होने की संभावना हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग के अलावा राजस्व विभाग का मैदानी अमला निगाह रखते हुए यदि कहीं बीमारियां दिखती है तो सूचित करें। 31 जुलाई के पूर्व प्रत्येक जनपद में रोजगार मेलाः बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी 31 जुलाई के पूर्व जिले के प्रत्येक जनपद पंचायत में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। इसके अलावा जिला स्तर पर वृहद रोजगार मेला आयोजित होगा। आईटीआई के प्राचार्य तथा महाप्रबंधक उद्योग को निर्देशित किया कि वे अधिकाधिक उद्योगों से चर्चा करके ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास करें। किल कोरोना सर्वे जारी रहेः कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में किल कोरोना सर्वे सतत जारी रहे। केरल तथा महाराष्ट्र से आने वाले व्यक्तियों की मॉनिटरिंग की जाना है। उन प्रदेशों में कोरोना के ज्यादा मामले देखने में आ रहे हैं। मास्क का उपयोग नहीं करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई सतत जारी रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि लोगों को स्मरण कराना आवश्यक है कि कोरोना अभी गया नहीं है। कोरोना प्रोटोकॉल का शादी, ब्याह में पालन नहीं होने संबंधित आयोजक के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।


विद्युत वितरण कंपनी को सतत विद्युत आपूर्ति के निर्देशः कलेक्टर ने विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री श्री वर्मा को निर्देशित किया कि रतलाम शहर में बिजली की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करें। पिछले कुछ दिनों में विद्युत उपलब्धता में बाधा के कारण शहर में जलापूर्ति में व्यवधान देखने में आया है। निगमायुक्त ने बताया कि बिजली जाने से शहर में जलापूर्ति में कई बार बाधा का सामना करना पड़ा है। समयजगत

समय जगत

22/7/2021

### कलेक्टर को बोले तुरंत सुधार हो पेयजल वितरण में

# पत्रिका की खबरों के बाद अब शहर विधायक ने की समीक्षा



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के साथ नगर में एक सप्ताह से बिगड़ी जल वितरण व्यवस्था व समय-समय पर इसमें सुधार के लिए दिए गए निर्देशों की समीक्षा की है। उन्होंने नगर निगम अमले को निर्देश दिए कि वे तात्कालिक समस्या का समाधान करने के साथ-साथ शहर में प्रतिदिन जल प्रदाय करने के लक्ष्य पूर्ण करने हेतु रोड मेप तैयार करें। बता दे पत्रिका की खबरों के बाद पहले कलेक्टर व अब शहर विधायक ने अव्यवस्था को सुधार के लिए संज्ञान

झारिया को निर्देश दिया कि वे कॉल सेंटर पर प्रतिदिन न्यूनतम एक घंटा समय दें और आमजन की शिकायतों की समीक्षा कर निराकरण करें। श्री काश्यप ने वार्ड स्तर पर वॉकी-टॉकी सिस्टम अपनाने पर जोर दिया और कहा कि वॉकी टॉकी लेकर जल वितरण के साथ सफाई व्यवस्था को भी दुरूस्त किया जाए। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि जल वितरण के समय में परिवर्तन होता है तो उसकी सार्वजनिक सूचना समय रहते प्रसारित करें। इससे शहर वासियों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। बैठक के दौरान कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने जल वितरण

# जलापूर्ति के लिए निगम का अमला 24 घंटे काम करें

## यह अंतिम बैठक, व्यवस्था नहीं सुधरी तो कार्रवाई

**स्वतंत्र एलान रिपोर्टर**

रतलाम। रतलाम शहर में विगत कुछ दिनों से जल प्रदाय में परिलक्षित बाधा एवं व्यवस्था में सुधार के दृष्टिगत कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने एक विशेष बैठक नगर निगम तथा विद्युत वितरण कंपनी के साथ आयोजित की। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश-दिए कि शहर में सुचारू जल प्रदाय व्यवस्था के लिए नगर निगम का अमला 24 घंटे कार्य करें, लोगों की समस्या शिकायत सुने। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यह बैठक अंतिम बैठक है यदि जल प्रदाय व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो फिर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया, विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री श्री सुरेश वर्मा, नगर निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्री जे.एस.आचार्य आदि उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सुचारू जल प्रदाय के लिए शिकायत एवं समस्याओं की जानकारी तथा उनके निराकरण हेतु कॉल सेंटर स्थापित किया जाए। निगम का अमला सतत मॉनिटरिंग करते हुए प्रतिदिन देखें कि शहर की कौन सी टंकी में जलभराव किया गया है और कौन सी टंकी में पानी नहीं पहुंचा और क्यों नहीं पहुंचा। इस बाबत प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री शेख को निर्देशित किया। सुचारू व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्टर द्वारा दो उपयंत्रियो श्री भैयालाल चौधरी, श्री सुहास पांडे को वैक्सीनेशन ड्यूटी से भी मुक्त कर दिया गया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निगम की जल वितरण व्यवस्था ठीक नहीं है उसको सुधारने के लिए प्लान करें। सिस्टम की खामियों को दूर करें प्रयास किया जाए कि लीकेजेस नहीं हो। बताया गया कि अभी 20-25-लीकेज प्रतिदिन सुधारा जा रहे हैं। कलेक्टर ने यह भी पूछा कि गंदा पानी क्यों आ रहा है, ड्रेनेज सिस्टम में गंदे जल के भराव को रोकने के इंतजाम किए जाएं। सतत जलापूर्ति के लिए बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अधीक्षण यंत्री विद्युत को निर्देशित किया कि तीन-चार दिनों में जो भी मेंटेनेंस अथवा अन्य कार्य है उनको पूर्ण किया जाए।

बैठक में बताया गया कि नगर निगम के मोरवानी फिल्टर प्लांट की व्यवस्था को सुधारना आवश्यक है। विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री द्वारा बताया गया कि मोरवानी में 2 वैक्यूम सर्किट ब्रेकर बदले जाना है जिसकी वजह से निर्बाध विद्युत आपूर्ति धोलावाड़ तक संभव हो सकेगी। अभी मोरवानी में वैक्यूम सर्किट ब्रेकर पुराने हो जाने के कारण कोई भी फाल्ट आने पर धोलावाड़ तक विद्युत समस्या आती है जिसके निराकरण के लिए नवीन वेक्यूम सर्किट ब्रेकर लगाए जाएं। कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त को तत्काल नवीन सर्किट ब्रेकर क्रय करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री से कहा कि विगत 14 जून से लेकर 18 जुलाई तक 18 बार विद्युत ट्रिपिंग देखने में आई है। अधीक्षण यंत्री उक्त समस्या का तत्काल निराकरण करें, ताकि जल आपूर्ति में बाधा नहीं आए। स्वतंत्र

दै. स्वतंत्र एलान 22/7/21

# जलप्रदाय का बनेगा रोड मैप, कॉल सेंटर पर 1 घंटे आयुक्त रहेंगे

## विधायक काश्यप ने सफाई और पानी मैनेजमेंट के लिए वॉकी-टॉकी सिस्टम अपनाने को कहा

भास्कर संवाददाता | रतलाम



बैठक लेते विधायक काश्यप साथ में कलेक्टर।

शहर में जलप्रदाय व्यवस्था सुधारने के लिए विधायक ने बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के साथ बैठक ली। एक सप्ताह से बिगड़ी जल वितरण व्यवस्था व समय-समय पर दिए निर्देशों की समीक्षा की है। विधायक ने नगर निगम अमले को जलप्रदाय में आने वाली समस्या का समाधान करने के साथ शहर में रोज जल प्रदाय के लक्ष्य को पूरा करने के लिए रोड मैप तैयार करने को कहा है।

विधायक काश्यप ने बैठक में जल वितरण व्यवस्था में आ रही समस्या की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को कहा कि वे कॉल सेंटर पर रोज न्यूनतम एक घंटा समय दें और आमजन की शिकायतों की समीक्षा कर निराकरण करें। काश्यप ने वार्ड स्तर पर वॉकी-टॉकी सिस्टम अपनाने पर जोर दिया और कहा कि वॉकी टॉकी लेकर जल वितरण के साथ सफाई व्यवस्था को सुधारा जाए। उन्होंने निगम अधिकारियों को कहा कि यदि जल वितरण के समय में परिवर्तन होता है तो उसकी सार्वजनिक सूचना समय रहते प्रसारित करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित निगम के विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे। भास्कर

दै. भास्कर
22/7/2021

# कोविड वैक्सीनेशन आज 69 केंद्रों पर होगा

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में जिले में चल रहे कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत 22 जुलाई को जिले के 69 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। आलोट में 8, बाजना में 9, जावरा में 21, पिपलोदा में 6, सैलाना में 7, रतलाम ग्रामीण में 9, रतलाम शहर में 9 स्थानों पर वैक्सीनेशन होगा। रतलाम शहर में कोविशील्ड प्रथम डोज स्लाट बुकिंग हेतु सत्र स्थल मॉर्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोड, मिड टाउन कम्युनिटी हॉल, सूरज हाल वेदव्यास कॉलोनी रहेगा। कोविशिल्ड सेकंड डोज ऑन स्पॉट हेतु सत्र स्थल कम्युनिटी हॉल अलकापुरी एवं डीआरएम ऑफिस दो बत्ती पर रहेगा। कोवेक्सीन डोज सत्र स्थल आईएमए हॉल, लायंस हाल पर होंगे।

## ऑनलाइन मीडिया कार्यशाला आज

राज्य कार्यालय से जारी निर्देशानुसार प्रदेश में कोविड-19 वैक्सीनेशन कार्यक्रम 16 जनवरी 2021 से अनवरत रूप से संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में टीकाकरण कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में जोड़ा जाना उचित होगा कि भारत शासन ने हाल ही में NEGVAC की अनुशंसा पर गर्भवती महिलाओं को टीका लगाने की सलाह दी है। इस हेतु यूनिसेफ के सहयोग से मीडिया कार्यशाला का आयोजन 22 जुलाई 2021 को दोपहर 12 से 1 बजे के मध्य ऑनलाइन जूम एप द्वारा किया जा रहा है।

## शहरी क्षेत्र के केंद्रों पर शहरी क्षेत्र के लोगों का ही टीकाकरण

जिले में कोविड-19 का कोविड वैक्सीनेशन निरंतर किया जा रहा है। व्यवस्था के अनुसार हरित क्षेत्र के लोगों को ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के आधार पर टीकाकरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा है कि शहरी क्षेत्र के लोगों को ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग आधार पर केवल शहरी क्षेत्र के लोगों को ही टीकाकरण किया जाएगा अर्थात आसपास के ग्रामीण क्षेत्र अथवा बाहरी क्षेत्रों के निवासी लोगों द्वारा शहरी क्षेत्र के केंद्रों पर ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के आधार पर टीकाकरण नहीं किया जाएगा।

नवभारत

नवभारत

# शहरी क्षेत्र के केंद्रों पर शहरी क्षेत्र के लोगों का ही टीकाकरण

रतलाम। रतलाम जिले में कोविड-19 का कोविड वैक्सीनेशन निरंतर किया जा रहा है। व्यवस्था के अनुसार हरित क्षेत्र के लोगों को ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के आधार पर टीकाकरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने कहा है कि शहरी क्षेत्र के लोगों को ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग आधार पर केवल शहरी क्षेत्र के लोगों को ही टीकाकरण किया जाएगा अर्थात आसपास के ग्रामीण क्षेत्र अथवा बाहरी क्षेत्रों के निवासी लोगों द्वारा शहरी क्षेत्र के केंद्रों पर ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के आधार पर टीकाकरण नहीं किया जाएगा। इन्दौर

इन्दौर समाचार

# कोविड वैक्सीनेशन आज 69 केंद्रों पर होगा

प्रसारण



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में जिले में चल रहे कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत 22 जुलाई को जिले के 69 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। आलोट में 8, बाजना में 9, जावरा में 21, पिपलोदा में 6, सैलाना में 7, रतलाम ग्रामीण में 9, रतलाम शहर में 9 स्थानों पर वैक्सीनेशन होगा।

रतलाम शहर में कोविशील्ड प्रथम डोज स्लाट बुकिंग हेतु सत्र स्थल मॉर्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोड, मिड टाउन कम्युनिटी हॉल, सूरज हाल वेदव्यास कॉलोनी रहेगा। कोविशिल्ड सेकंड डोज ऑन स्पॉट हेतु सत्र स्थल कम्युनिटी हॉल अलकापुरी एवं डी आर एम ऑफिस दो बत्ती पर रहेगा। कोवेक्सीन डोज सत्र स्थल आई एम ए हॉल, लायंस हाल पर होंगे।

## शहरी क्षेत्र के केंद्रों पर शहरी क्षेत्र के लोगों का ही टीकाकरण

रतलाम जिले में कोविड-19 का कोविड वैक्सीनेशन निरंतर किया जा रहा है। व्यवस्था के अनुसार हरित क्षेत्र के लोगों को ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के आधार पर टीकाकरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने कहा है कि शहरी क्षेत्र के लोगों को ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग आधार पर केवल शहरी क्षेत्र के लोगों को ही टीकाकरण किया जाएगा अर्थात आसपास के ग्रामीण क्षेत्र अथवा बाहरी क्षेत्रों के निवासी लोगों द्वारा शहरी क्षेत्र के केंद्रों पर ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के आधार पर टीकाकरण नहीं किया जाएगा।

प्रसारण 22/7/2021

# कोविड वैक्सीनेशन 22 जुलाई को 69 केंद्रों पर होगा

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में जिले में चल रहे कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत 22 जुलाई को जिले के 69 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। आलोट में 8, बाजना में 9, जावरा में 21, पिपलोदा में 6, सैलाना में 7, रतलाम ग्रामीण में 9, रतलाम शहर में 9 स्थानों पर वैक्सीनेशन होगा। रतलाम शहर में कोविशील्ड प्रथम डोज स्लाट बुकिंग हेतु सत्र स्थल मॉर्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोड, मिड टाउन कम्युनिटी हॉल, सूरज हाल वेदव्यास कॉलोनी रहेगा। कोविशिल्ड सेकंड डोज ऑन स्पॉट हेतु सत्र स्थल कम्युनिटी हॉल अलकापुरी एवं डीआरएम ऑफिस दो बत्ती पर रहेगा। कोवेक्सीन डोज सत्र स्थल आईएमए हॉल, लायंस हाल पर होंगे। इन्दौर

इन्दौर समाचार

# रोडवेज को दी 19000 फीट जमीन की लीज निरस्त

## नगर निगम ने टीआइटी रोड स्थित जर्जर आवास तोड़ने के टेंडर किए जारी

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** मप्र सड़क परिवहन निगम को तत्कालीन नगर सुधार न्यास (वर्तमान में नगर निगम विकास शाखा) द्वारा टीआइटी रोड पर दी गई भूमि लीज निरस्त करते हुए नगर निगम ने वापस ले ली है। यहां बने रोडवेज के पुराने जर्जर आवास को तोड़कर निगम भूमि की नीलामी या नया व्यावसायिक भवन बना सकता है। भवन तोड़ने के लिए निगम ने टेंडर भी जारी कर दिए हैं।

मालूम हो कि नगर निगम की विक्रय योग्य भूमि व संपत्तियों को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गत दिनों बैठक लेकर विक्रय प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए थे। रोडवेज को दी गई जमीन की लीज नवीनीकरण न होने व नियमों के उल्लंघन को लेकर मार्च 2021 में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने जिम्मेदारों को नोटिस जारी कर प्रक्रिया पूरी करने के बाद लीज निरस्त कर दी। भवन तोड़ने पर निकलने वाली सामग्री की कीमत 3.36 लाख रुपये आंकी गई है। निगम स्तर से इसी माह टेंडर प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है। इसके बाद मकान तोड़े जाएंगे।



टीआइटी रोड स्थित रोडवेज के जर्जर आवास, जिन्हें तोड़ा जाएगा। • नईदुनिया

### जर्जर मकानों पर अवैध कब्जे

19000 वर्गफीट जमीन पर बने भवन जर्जर होने से खाली है और कुछ पर अवैध कब्जा भी हो गया है। परिसर में खाली पड़ी जमीन पर गुमटियां रख दी गई है। प्रदेश में सड़क परिवहन निगम बंद कर दिया गया है और कर्मचारियों से संबंधित मामले कोर्ट में भी चल रहे है। वर्ष 1996 के बाद से लीज का नवीनीकरण नहीं किया गया था। रोडवेज को यह जमीन बसों के संचालन से जुड़ी गतिविधियों को लेकर दी गई थी।

### फव्वारा चौक पर भी 2600 वर्गफीट जमीन बेचेगा निगम

नगर निगम की महंगी जमीनों में फव्वारा चौक स्थित पुराना नाका भवन की 2600 वर्गफीट जमीन भी शामिल है। निगम ने पहले इस जमीन को बेचने के लिए टेंडर जारी किए थे, लेकिन कोरोना काल में किसी ने रुचि नहीं ली। अब फिर से टेंडर जारी करने की तैयारी है। इसके अलावा सिविक सेंटर, सुभाष कांपलेक्स, नित्यानंद मार्केट, पांजरा पोल की दुकानें भी बेची जाएगी।

> मार्च माह में रोडवेज को दी गई जमीन की लीज निरस्त कर दी गई थी। नया कांप्लेक्स बनाने या भूमि विक्रय को लेकर निर्णय बाद में किया जाएगा। **सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त**

नईदुनिया

नईदुनिया
22/7/2021

# मवेशियों व श्वानों की धरपकड़ की मांग

रतलाम। रतलाम जिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस द्वारा नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के नाम ज्ञापन दिया गया। इसमें बताया गया कि शहर के दीनदयाल नगर, टाटानगर, बाजना बस स्टैंड, श्रीनगर, अमृत सागर तालाब, कस्तूरबानगर, शुभम सृष्टि कालोनी, डोंगरेनगर, दो बत्ती डाट की पुल रोड व आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मवेशी व श्वान (कुत्ते) विचरण कर रहे हैं। इससे उक्त क्षेत्र के रहने वाले नागरिकों, बच्चों आवागमन करने वाले राहगीर दोपहिया चालकों को काफी परेशानि का सामना करना पड़ रहा है। उक्त क्षेत्र में मवेशियों व श्वानों की वजह कई बार वाहन दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं। उक्त क्षेत्र की गलियों में खेल वाले छोटे बच्चों पर भी कुत्ते हमले कर रहे हैं। इससे बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

नई दुनिया
22/7/2021

पत्रिका गुड लाइफ

**नवाचार :** मुंबई के स्टूडेंट्स ने प्लास्टिक की बोतल से बनाया हाइड्रोपोनिक प्लांटर

# प्लास्टिक के कचरे से भूमि नहीं होगी बंजर, लहलहाएंगे खेत

प्लास्टिक प्रदूषण एक वैश्विक संकट है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर दिन लगभग 4,059 टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है। विश्व स्तर पर हर मिनट में प्लास्टिक की एक मिलियन बोतल खरीदी जाती हैं। यह खरीद वर्ष 2021 तक 20 फीसदी से भी ज्यादा हो जाएगी। दुनियाभर में पर्यावरण प्रदूषण के इस संकट को कम करने के लिए शोध किया जा रहा है। ऐसा ही एक प्रयास किया है मुंबई के यूनिवर्सल बिजनेस स्कूल के 10 विद्यार्थियों ने। वे प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग हाइड्रोपोनिक फार्मिंग (जलीय कृषि) में कर रहे हैं।

**कम होगा प्लास्टिक वेस्ट:** स्टूडेंट्स ने इस प्लांट होल्डर का प्रोटोटाइप तैयार किया है। प्रोजेक्ट हेड हेत गौर ने बताया कि हाइड्रोपोनिक खेती दुनियाभर में लोकप्रिय हो रही है, लेकिन भारत में अब भी इस खेती पर ज्यादा काम नहीं किया गया है। प्लास्टिक की बोतलों के निस्तारण के लिए हमने हाइड्रोपोनिक प्लांटर बनाने का विचार किया, जिसके लिए टीम ने मुंबई और चेन्नई से एक सप्ताह में 30 किलो प्लास्टिक एकत्र किया।



### कम होगा प्लास्टिक वेस्ट

इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य प्लास्टिक वेस्ट और कृषि के लिए भूमि की निर्भरता को कम करना है। हाइड्रोपोनिक्स बागवानी ऐसी विधि है, जिसमें पौधे मिट्टी के बजाय पोषक तत्वों से भरपूर पानी में उगते हैं।

### जल्द होगा खेती में प्रयोग

**प्रोटोटाइप** फिलहाल सजावटी पौधों के लिए है, जिसे जल्द ही सब्जियों और फलों के पौधों के लिए भी तैयार किया जाएगा। इसके लिए 15-20 किलो प्लास्टिक बोतलों का उपयोग होगा।

पत्रिका

22/7/2021

# शहर में प्रतिदिन जल वितरण का तैयार करें रोडमैप



जल वितरण व्यवस्था को लेकर चर्चा करते विधायक चेतन्य काश्यप। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में करीब 15 दिनों से बिगड़ी जल वितरण व्यवस्था व पूर्व में दिए गए सुधार के निर्देशों की समीक्षा बुधवार को शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के साथ बैठक लेकर की। उन्होंने नगर निगम अमले को निर्देश दिए कि तात्कालिक समस्या का समाधान करने के साथ-साथ शहर में प्रतिदिन जल वितरण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए रोडमैप तैयार करें।

विधायक काश्यप ने जल वितरण व्यवस्था में आ रही समस्या की बिंदुवार समीक्षा करते हुए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि वे काल सेंटर पर प्रतिदिन न्यूनतम एक घंटा समय दें और आमजन की शिकायतों की समीक्षा कर निराकरण करें।

वार्ड स्तर पर वाकी-टाकी सिस्टम का उपयोग कर जल वितरण के साथ सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाए। यदि जल वितरण के समय में परिवर्तन होता है तो उसकी सार्वजनिक सूचना समय रहते प्रसारित करें। इससे शहर वासियों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

नईदुनिया

नईदुनिया

23/7/2021

पटरी पार सुबह 6 व शाम को 5 बजे दो भाग में जल वितरण, बाजार में देरी से मिला पानी

# छुट्टी वाले दिन बरसते पानी में पहुंची, बोली छह दिन से एक बूंद नहीं आई

**लगातार**




पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में पेयजल वितरण व्यवस्था को सुधारने में नगर निगम के अधिकारी लग गए हैं। पटरी पार क्षेत्र में सुबह 6 बजे व शाम 5 बजे दो अलग-अलग समय में अलग अलग टंकी से पेयजल वितरण होगा। इधर बाजार क्षेत्र में व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाया है। यहां कई मोहल्लों में तय समय से देरी से पेयजल मिला। इन सब के बीच कॉलेज रोड क्षेत्र की महिलाएं अवकाश वाले दिन बरसते पानी में नगर निगम पहुंची व पांच दिन से पानी की एक बूंद नहीं आने की शिकायत की।

शहर के पटरी पार क्षेत्र में कस्तूरबा नगर की पेयजल टंकी से प्रतिदिन पेयजल वितरण अब सुबह 6 बजे से किया जाएगा। इसका पूर्व का समय सुबह 7 बजे का था। कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के द्वारा दिए गए 24 घंटे के अल्टीमेटम के बाद अव्यवस्था में सुधार आया है। नगर निगम ने पहले चरण में पटरी के उस पार याने की राममंदिर से लेकर मेडिकल कॉलेज तक क्षेत्र में जहां जहां पेयलज वितरण होता है इसको सुधारा है। गंगासागर टंकी से वितरीत होने वाले पेयजल वाले क्षेत्र जिसमे न्यू ग्लोबस कॉलोनी, ग्लोबस कॉलोनी, अंबिका नगर, विनोबा नगर आदि शामिल है यहां पर अब शाम को 5 बजे पेयजल मिलेगा। जबकि कस्तूरबा नगर क्षेत्र की टंकी से प्रतिदिन सुबह 6 बजे पेयजल वितरीत होगा।



## यहां जारी है परेशानी

शहर में दीपक टॉकिज क्षेत्र से लेकर बाजना बस स्टैंड, टीआईटी रोड, प्रतापनगर क्षेत्र में पेयजल की समस्या कायम है। यहां पर सुबह 7 बजे वितरीत होने वाला पेयजल बुधवार को सुबह 11 बजे मिला। इन सब के बीच कॉलेज रोड से गंगा, पार्वती व इंदिरा आदि अवकाश वाले दिन भी नगर निगम पहुंची व छह दिन से पेयजल नहीं आने की शिकायत की। इस दौरान महिलाओं को बताया की ईद का अवकाश है, इसलिए वे गुरुवार को आए।

> अगर बिजली की कटौती नहीं हो तो पेयजल वितरण में कोई समस्या नहीं है। समय पर सभी टंकियां भर जाए। जहां तक कॉलेज रोड की समस्या है, वहां कर्मचारी गुरुवार को भेजकर समाधान करवाया जाएगा।
>
> **- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

ई. पत्रिका

22/7/2021

उपग्रह

# आसान नहीं होगा नगर निगम का महापौर बनना और रहना

रतलाम। प्रदेश में नगरीय निकायों के चुनाव की हलचल फिर तेज हो गई है। कोरोना महामारी नियंत्रण में आते ही सरकार और प्रशासन चुनावी तैयारी में लग गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने अक्टूबर-नवंबर में चुनाव कराने के संकेत दिए हैं, वहीं सरकार ने महापौर चुनने के लिए एक बार फिर अप्रत्यक्ष प्रणाली अपनाने का ऐलान किया है। इसमें महापौर बनने से पहले उम्मीदवार को पार्षद बनना होगा और फिर पार्षद मिलकर महापौर का चुनाव करेंगे। ऐसी स्थिति में महापौर बनना और फिर पांच साल पद पर बने रहना दोनों ही आसान नहीं होगा, क्योंकि उसकी कमान हर समय पार्षदों के पास ही रहेगी।

## पिछड़ा वर्ग के वार्डों में होगी काफी जद्दोजहद

निकाय चुनाव के लिए महापौर और पार्षद पदों का आरक्षण पहले ही हो चुका है। रतलाम में महापौर का पद पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। इसलिए पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित वार्डों में काफी जद्दोजहद होगी। नगर निगम की पिछली परिषद में 49 में से 30 वार्डों में भाजपा, 13 में कांग्रेस और 6 निर्दलियों के पास थे। इस बार भाजपा 40 वार्ड जीतने का ढिंढोरा पहले ही पीट चुकी है, इसलिए उसे हर वार्ड में गणित बैठानी होगी। महापौर पद के प्रत्याशी को जिताकर लाना भी सत्तारूढ़ दल के लिए बड़ी चुनौती रहेगी।

रतलाम में नब्बे के दशक में नगर निगम चुनाव की शुरुआत जब हुई थी, तब कांग्रेस ने बहुमत लाकर पार्षदों के बीच से जयंतीलाल जैन पोपी को शहर का पहला महापौर ऐसे ही बनाया था। उस समय कांग्रेस में पूर्व मंत्री स्व. मोतीलाल दवे, पूर्व विधायक शिवकुमार झालानी, खुर्शीद अनवर और बंशीलाल गांधी का शहर की राजनीति में काफी दबदबा था। इनके समर्थक ही नगर के विभिन्न वार्डों से पार्षद चुनकर आए थे, इसलिए इन नेताओं के बीच जोरआजमाईश के बाद परिणाम निकल आया था। बाद में पोपीसेठ के नाम से चर्चित महापौर के लिए पूरे कार्यकाल में चुनौतियां आई। उन्हें इन नेताओं में समन्वय रखने के बावजूद अपनी कुर्सी पर बैठने की चुनौती मिलती रही। नगर निगम की इस पहली परिषद के बाद सरकार ने महापौर चुनाव की प्रणाली बदल दी, जिससे प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे जनता द्वारा महापौर का चयन होने लग गया।

महापौर का चुनाव सीधे होने से पार्षदों के बीच तालमेल का दबाव नहीं रहा। इससे बाद में चुने गए सभी महापौर अपने-अपने हिसाब से नगर निगम चलाते रहे। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सरकार ने महापौर का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की तैयारी कर ली थी, लेकिन सवा साल बाद ही उनकी सरकार चली गई। भाजपा सरकार ने कांग्रेस सरकार के उस फैसले को पहले पलटा और पिछले साल फिर प्रत्यक्ष प्रणाली से ही महापौर चुनने का डंका पीटा था, इससे शहर में इस पद के कई दावेदार सक्रिय हो गए थे। भाजपा सरकार ने अब अपने ही फैसले को पलटते हुए अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने का निर्णय ले लिया है, जिससे हर वार्ड के समीकरण पलट जाएंगे। महापौर के दावेदारों

..शेष पृष्ठ 7 पर

सो० उपग्रह
22/7/2021

# जिले में तीसरे दिन भी 0 पॉजिटिव, एक्टिव एक ही

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में कोरोना संक्रमित मरीज बढ़ने का सिलसिला थम गया है। शहर में बुधवार को लगातार तीसरे दिन संक्रमित की संख्या 0 रही। जिले में सिर्फ 1 एक्टिव केस बचा है।

मई-जून में उठी कोरोना की लहर शांत हो गई है। उस दौरान एक दिन में 350 से ज्यादा पॉजिटिव मिल रहे थे, अब संक्रमित 0 है। जिले में अब तक कुल 17498 पॉजिटिव आ चुके हैं। इनमें 17186 लोग ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं। जिले में 756 लोगों की रिपोर्ट आना बाकी है। कोरोना से 311 लोगों की मौत हो चुकी है। जुलाई में अब तक मौत का एक भी मामला सामने नहीं आया है।

दैनिक भास्कर
22/7/2021

# वैक्सीनेशन 22 जुलाई को किया जाएगा

रतलाम । रतलाम जिले में कोविड संबंधी आगामी वैक्सीनेशन गुरुवार 22 जुलाई 2021 को किया जाएगा। 22 जुलाई गुरुवार को आयोजित होने वाले कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए शहरी क्षेत्र रतलाम के हितग्राहियों के लिए ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के लिए साइट 21 जुलाई बुधवार को सुबह 9:00 बजे से खोली जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि गुरुवार को कोविशिल्ड के प्रथम डोज वैक्सीनेशन के लिए ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के लिए https://self-registration.cowin.gov.in/ लिंक पर क्लिक करके बुकिंग की जा सकेगी।

स्वतंत्र मेवाड़

# जिले में आज 69 केंद्रों पर किया जाएगा टीकाकरण



रतलाम। गुरुवार को जिले के 69 केंद्रों पर कोविड वैक्सीनेशन किया जाएगा। आलोट में आठ, बाजना में नौ, जावरा में 21, पिपलौदा में छह, सैलाना में सात, रतलाम ग्रामीण में नौ, रतलाम शहर में नौ स्थानों पर वैक्सीनेशन होगा।

रतलाम शहर में कोविशील्ड प्रथम डोज स्लाट बुकिंग में सत्र स्थल मार्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोड, मिड टाउन कम्युनिटी हाल, सूरज हाल वेदव्यास कालोनी रहेगा। कोविशील्ड सेकंड डोज आन स्पाट सत्र स्थल कम्युनिटी हाल अलकापुरी एवं डीआरएम आफिस दो बत्ती पर रहेगा। कोवैक्सीन डोज सत्र स्थल आइएमए हाल, लायंस हाल पर होंगे।

### शहरी के केंद्रों पर शहरी क्षेत्र के लोगों का ही टीकाकरण

शहर में आनलाइन प्री स्लाट बुकिंग के आधार पर टीकाकरण किया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि आनलाइन बुकिंग आधार पर केवल शहरी क्षेत्र के लोगों को ही टीकाकरण किया जाएगा। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र अथवा बाहरी क्षेत्रों के लोगों द्वारा शहरी क्षेत्र के केंद्रों पर टीका नहीं लगाया जाएगा।

### चौथे दिन एक भी नया पाजिटिव नहीं

रतलाम। जिले में लगातार चौथे दिन बुधवार को एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या केवल एक है। जिले में अब तक 17498 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17186 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

नईदुनिया 22/7/2021

# शहरी केंद्र पर ग्रामीणों को टीका नहीं, दूसरे डोज वालों को फोन लगाकर बुला रहे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में आज कोविड की वैक्सीन लगाई जाएगी। कोविशील्ड और को-वैक्सीन दोनों के टीके लगेंगे। को-वैक्सीन का सिर्फ सेकंड डोज लगाया जाएगा। 18 दिन बाद शहर को को-वैक्सीन मिली है। इधर, अब नियम में फिर बदलाव किया है। गुरुवार को शहर में सिर्फ शहर के लोगों को वैक्सीन लगेगी। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को टीका नहीं लगाया जाएगा।

19 जुलाई को वैक्सीन लगी थी। शहर में स्लॉट बुकिंग के आधार पर टीके लगाए थे, स्लॉट बुक करवाने वालों में 50% ग्रामीण लोग थे। ग्रामीणों के लिए गांव में वैक्सीन की व्यवस्था की है, शहर में सिर्फ शहरी लोगों को टीके लगाए जाएंगे। ताकि परेशानी ना हो। बुधवार को बुकिंग के लिए स्लॉट खोले, लेकिन 2 हजार स्लॉट सिर्फ 20 मिनट में बुक हो गए।

### आज जिले के 69 केंद्रों पर होगा टीकाकरण

22 जुलाई को जिले के 69 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। आलोट में 8, बाजना में 9, जावरा में 21, पिपलोदा में 6, सैलाना में 7, रतलाम ग्रामीण में 9, रतलाम शहर में 9 स्थानों पर वैक्सीनेशन होगा। कोविशील्ड पहले डोज की स्लॉट बुकिंग के लिए सत्र स्थल मॉर्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोड, मिड टाउन कम्युनिटी हॉल, सूरज हॉल वेदव्यास कॉलोनी रहेगा। कोविशील्ड दूसरे डोज ऑन स्पॉट के लिए सत्र स्थल कम्युनिटी हॉल अलकापुरी व डीआरएम ऑफिस दो बत्ती पर रहेगा। कोवैक्सीन डोज सत्र स्थल आईएमए हॉल, लायंस हाल पर होंगे।

### दूसरा डोज : 1900 लोगों ने केंद्र पर आने की सहमति दी

इधर, को-वैक्सीन के दूसरे डोज के लिए बुधवार को फोन लगाए। लोगों को बताया कि उन्हें केंद्रों पर पहुंचना है। 1900 से ज्यादा लोगों ने दूसरे डोज लगवाने की सहमति दी। गुरुवार को 2 हजार को-वैक्सीन के टीके लगाए जाएंगे। दूसरा डोज लगवाने वालों के लिए केंद्रों पर टोकन की व्यवस्था रहेगी। टोकन के आधार पर ही वैक्सीन लगेगी।

दै. भास्कर

# आज 69 केंद्रों पर होगा कोविड वैक्सीनेशन

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में जिले में चल रहे कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत 22 जुलाई को जिले के 69 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। आलोट में 8, बाजना में 9, जावरा में 21, पिपलोदा में 6, सैलाना में 7, रतलाम ग्रामीण में 9, रतलाम शहर में 9 स्थानों पर वैक्सीनेशन होगा।

रतलाम शहर में कोविशिल्ड प्रथम डोज स्लाट बुकिंग हेतु सत्र स्थल मॉर्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोड, मिड टाउन कम्युनिटी हॉल, सूरज हाल वेदव्यास कॉलोनी रहेगा। कोविशिल्ड सेकंड डोज ऑन स्पॉट हेतु सत्र स्थल कम्युनिटी हॉल अलकापुरी एवं डीआरएम ऑफिस दो बत्ती पर रहेगा। कोविक्सीन डोज सत्र स्थल आईएमए हॉल, लायंस हाल पर होंगे।

### केंद्रों पर शहरी क्षेत्र के लोगों का ही टीकाकरण

जिले में कोविड-19 का कोविड वैक्सीनेशन निरंतर किया जा रहा है। व्यवस्था के अनुसार हरित क्षेत्र के लोगों को ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के आधार पर टीकाकरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा है कि शहरी क्षेत्र के लोगों को ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग आधार पर केवल शहरी क्षेत्र के लोगों को ही टीकाकरण किया जाएगा अर्थात आसपास के ग्रामीण क्षेत्र अथवा बाहरी क्षेत्रों के निवासी लोगों द्वारा शहरी क्षेत्र के केंद्रों पर ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के आधार पर टीकाकरण नहीं किया जाएगा।